जन्मदिन मुबारक


नैन्सी
पिता: विनोद कुमार।


ऋषभ मेहता
पिता: जगदीश मेहता।


पलक
पिता : तारा।


वामिका
पिता: कमल मेहरा

बंधन प्यार का


गगन एवं बलजिंद्र कौर को विवाह की 9वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं।

सैल्फ़ी स्टार


नरेश पठानीया तथा अंजू बेटी रौनक के साथ।



सात साल से 12,300 रुपए पर अटके एम.बी.बी.एस. इंटर्न, हड़ताल जारी

44 हजार तक मानदेय पाने वाले राज्यों से तुलना ने बढ़ाया ज्यादा रोष

जम्मू, 1 सितम्बर (सतीश): जम्मू-कश्मीर में एम.बी.बी.एस. इंटर्न के मानदेय में बढ़ौतरी की मांग को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अब केवल राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (जी.एम.सी.) जम्मू तक सीमित नहीं रहा है। केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न जी.एम.सी. और अस्पतालों में कार्यरत एम.बी.बी.एस. इंटर्न सामूहिक रूप से आंदोलन कर रहे हैं। मंगलवार को दूसरे दिन भी जम्मू कश्मीर में एम.बी.बी.एस. इंटर्नों ने हड़ताल जारी रखी और स्वास्थ्य मंत्री सकीना इत्तू के आश्वासन को खोखला करार दिया।

जम्मू में जी.एम.सी. एम.बी.बी.एस. इंटर्नों का कहना है कि उन्हें वर्ष 2019 से 12,300 रुपये प्रतिमाह का मानदेय मिल रहा है, जबकि पिछले करीब सात वर्षों में महंगाई और जीवन-यापन की लागत में भारी वृद्धि हुई है। आवास, भोजन, परिवहन और अन्य आवश्यक खर्च लगातार बढऩे के बावजूद उनके मानदेय में कोई उल्लेखनीय संशोधन नहीं किया गया।


मानदेय में वृद्धि की मांग को लेकर जी.एम.सी. जम्मू में प्रदर्शन करते एम.बी.बी.एस. इंटर्न। (सोहन)

वे अन्य राज्यों के एम.बी.बी.एस. इंटर्नों की तरह ही लंबे समय तक कार्य करते हैं। रात की ड्यूटी, आपातकालीन सेवाएं, वार्ड, बाह्य रोगी विभाग और गहन चिकित्सा इकाइयों में मरीजों की देखभाल सहित विभिन्न चिकित्सकीय जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद जम्मू-कश्मीर में उन्हें देश के सबसे कम मानदेय में से एक मिल रहा है।

एम.बी.बी.एस. इंटर्नों ने दावा किया कि कई राज्यों में इसी अवधि के दौरान कार्य करने वालों को करीब 43 से 44 हजार रुपए प्रतिमाह तक मानदेय दिया जा रहा है।

उनका कहना है कि समान चिकित्सकीय शिक्षा व समान जिम्मेदारियों के बावजूद जम्मू-कश्मीर के एम.बी.बी.एस. इंटर्न को मिलने वाले मानदेय में इतना बड़ा अंतर अन्यायपूर्ण है।

स्वास्थ्य मंत्री के दावे खोखले: हड़ताली एम.बी.बी.एस. इंटर्न ने कहा कि गत दिवस स्वास्थ्य मंत्री सकीना इत्तू ने एक बार फिर मानदेय बढ़ाने की प्रक्रिया को वित्त विभाग के पाले में डाल दिया। मंत्री ने वर्ष 2025 में भी यही बयान दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गठित एक समिति पहले ही मानदेय में उल्लेखनीय बढ़ौतरी की सिफारिश कर चुकी है, लेकिन मामला लंबे समय से लंबित है। वर्षों से दिए जा रहे ज्ञापनों, प्रतिनिधिमंडलों और अपीलों के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं होने के कारण उन्हें सामूहिक आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित करना नहीं है। उनकी मांग केवल उचित पारिश्रमिक, सम्मान और उनकी सेवाओं की मान्यता से जुड़ी है। जब तक मानदेय बढ़ाने के आदेश जारी नहीं होते तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

शहर की गतिविधियां

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मढ़ के विद्यार्थियों को बांटी 118 स्कूल यूनिफॉर्म



जम्मू (रोशनी): शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग और सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देते हुए भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास चौधरी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मढ़ के विद्यार्थियों को 118 स्कूल यूनिफॉर्म वितरित की। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या संयोगिता सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों के कल्याण तथा उनकी शिक्षा में सहयोग की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर पूर्व डी.डी.सी. मढ़ बलबीर लाल, जिला प्रवक्ता भाजपा दीपक पांडेय, पूर्व सरपंच पुरुषोतम शर्मा, राजिंदर शर्मा, नंबरदार सुदर्शन शर्मा, बुट्टा राम शर्मा, साहिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

विभिन्न झड़पों में दंपत्ति सहित 9 लोग घायल

जम्मू,1 सितम्बर (निश्चय): घरोटा व पटोली ब्राहम्णा क्षेत्र में हुई विभिन्न झड़पों में दंपति सहित 9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जम्मू के राजकीय मैडीकल कालेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। संबंधित पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार घरोटा पुलिस स्टेशन क्षेत्राधिकार अंब घरोटा में हुई झड़प में घायल सात लोगों का उपचार जी.एम.सी. में जारी है। उपचराधीनों की पहचान मोहम्मद हुसैन, मुश्ताक, जमात अली, अनायत बीबी, अलाह रक्खा, शबीर अहमद व अलताफ हुसैन सभी निवासी सरोट अंब घरोटा के रूप में की गई है।

वहीं पटोली ब्राहम्णा में हुई झड़प में हुई झड़प में दंपति को सी.एच.सी. मढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद जी.एम.सी. जम्मू रैफर किया गया है, जिनकी पहचान रोमेश (उमेश) व मंजू पत्नी रोमेश निवासी बिहार मौजूदा समय पटोली ब्राहम्णा के रूप में की गई है। पुलिस ने घायलों के ब्यानों के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

इंटर्न डॉक्टर 12,300 रुपए मासिक स्टाइपैंड को बढ़ाकर 30 हजार करने की मांग पर अड़े

राजौरी (शिवम) : स्टाइपैंड में बढ़ौत्तरी की मांग को लेकर सरकारी मेडिकल कॉलेज राजौरी के एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। इंटर्न डॉक्टर मौजूदा 12,300 रूपए मासिक स्टाइपैंड को बढ़ाकर 30 हजार करने की मांग पर अड़े हुए हैं।



प्रदर्शन करते जी.एम.सी. राजौरी के इंटर्न डॉक्टर।

इंटर्न डॉक्टरों का कहना है कि वर्ष 2019 से उनके स्टाइपेंड में कोई संशोधन नहीं किया गया है। पिछले कुछ वर्षों में महंगाई में लगातार वृद्धि होने के बावजूद स्टाइपेंड की राशि में बदलाव नहीं होने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारी इंटर्न डॉक्टरों के मुताबिक, इंटर्नशिप के दौरान उन्हें अस्पताल के विभिन्न विभागों में नियमित क्लीनिकल ड्यूटी निभानी पड़ती है। ओ.पी.डी., वार्ड और अन्य सेवाओं में मरीजों की देखभाल के साथ उन्हें कई तरह की चिकित्सकीय जिम्मेदारियां भी सौंपी जाती हैं। उनका कहना है कि कार्यभार और जिम्मेदारियों को देखते हुए मौजूदा स्टाइपैंड पर्याप्त नहीं है।

दूसरे दिन भी इंटर्न डॉक्टरों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले में जल्द हस्तक्षेप कर समाधान निकालने की अपील की है। जब तक उनकी मांग पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक वे अपनी आगे की रणनीति पर विचार करते रहेंगे। वहीं, अब सभी की निगाहें स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की ओर हैं कि इस लंबे समय से लंबित मांग पर क्या कदम उठाया जाता है।

सरकार से मौजूदा इंटर्नशिप स्टाइपैंड में तत्काल व उचित बढ़ौत्तरी की मांग



जी.एम.सी. में प्रदर्शन करते हैं एम.बी.बी.एस. मैडिकल इंटर्न्स डॉक्टर। (राजा)

कठुआ (राजा): जम्मू-कश्मीर के एमबीबीएस मेडिकल इंटर्न्स का स्टाइपेंड बढ़ोतरी की मांग को लेकर शुरू हुआ अनिश्चितकालीन विरोध प्रदर्शन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। राजकीय मैडिकल कॉलेज कठुआ के इंटर्न्स ने प्रदर्शन में सक्रिय भागीदारी करते हुए सरकार से मौजूदा इंटर्नशिप स्टाइपेंड में तत्काल और उचित बढ़ोतरी की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान इंटर्न्स ने पोस्टर, तख्तियां और प्रभावशाली नारों के माध्यम से अपनी मांग को प्रमुखता से उठाया। उनका कहना है कि उनकी मांग केवल स्टाइपेंड बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अस्पतालों में मेडिकल इंटर्न्स की जिम्मेदारियों, कार्यभार और स्वास्थ्य सेवाओं में उनके योगदान की उचित मान्यता से जुड़ी है।

उन्होंने कहा कि वे नियमित रूप से मरीजों की देखभाल, आपातकालीन सेवाओं, वार्डों, ओपीडी और अन्य आवश्यक चिकित्सकीय कार्यों में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। इसके बावजूद मौजूदा स्टाइपेंड उनकी जिम्मेदारियों और कार्यभार के अनुपात में पर्याप्त नहीं है।

चाइनीज़ डोर को लेकर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, दुकानों पर छापेमारी

मढीन, 1 सितम्बर (प्रदीप): चाइनीज़ डोर के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए तहसील मढ़ीन के आस-पास लगते गांवों में दुकानों पर छापेमारी की। नायव तहसीलदार जोगिंदर कुमार कुमार के नेतृत्व में लंबरदार राहुल शर्मा, सन्नी, हंस और चौकीदारों की टीम ने विभिन्न दुकानों की जांच की। छापेमारी के दौरान दुकानदारों को चाइनीज़ डोर (गट्टू) की बिक्री नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई और जहां भी ऐसी डोर मिलने की आशंका थी, वहां जांच की गई।


चाइनीज डोर को लेकर छापेमारी करते कोट पुनू के नायव तहसीलदार।

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों आरएस पुरा में चाइनीज़ डोर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इसी के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी कर दुकानों पर छापेमारी करने और प्रतिबंधित चाइनीज़ डोर को अपने कब्जे में लेने के निर्देश दिए हैं। आने वाले दिनों में पतंगबाजी के त्योहारों को देखते हुए प्रशासन ने यह अभियान तेज किया है। चाइनीज़ डोर राहगीरों, बाइक सवारों और अन्य लोगों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

भाजपा की संगठनात्मक बैठक, आगामी कार्यक्रमों व जनकार्य पर मंथन

बिश्नाह, 1 सितम्बर (काटल): भारतीय जनता पार्टी जिला जम्मू बॉर्डर की बिश्नाह विधानसभा इकाई की एक संगठनात्मक बैठक सोमवार को विधायक कार्यालय बिश्नाह में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जम्मू-कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सत शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

उनके साथ प्रदेश महामंत्री बलदेव सिंह बलोरिया, बिश्नाह विधानसभा के विधायक डा. राजीव भगत, पूर्व विधायक अश्वनी शर्मा, जिला अध्यक्ष रिंकू चौधरी और जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह चिब्ब सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राज सिंह लंगेह और नारायण शर्मा के अलावा जिला पदाधिकारी,


बैठक दौरान प्रदेश अध्यक्ष सत शर्मा, विधायक डा. राजीव भगत, प्रदेश महामंत्री बलदेव सिंह बलोरिया व पार्टी कार्यकर्त्ता। (काटल)

बिश्नाह विधानसभा के विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, पूर्व पार्षद, पूर्व सरपंच, पूर्व पंच व अन्य भाजपा कार्यकर्त्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों और जनहित से जुड़े कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रदेश अध्यक्ष सत शर्मा ने कार्यकर्त्ताओं को संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्त्ताओं से जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करने पर जोर दिया।

बिश्नाह में 'चंदा चोरी' के मुद्दे पर कांग्रेस की चौपाल पे चर्चा


संबोधित करते नीरज कुंदन व उपस्थिति। (काटल)

बिश्नाह, 1 सितम्बर (काटल): जिला जम्मू ग्रामीण कांग्रेस की ओर से बिश्नाह विधानसभा क्षेत्र में 'चौपाल पे चर्चा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला जम्मू ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष नीरज कुंदन ने किया जबकि बिश्नाह विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी द्वारका चौधरी भी मौजूद रहे। इस दौरान राम मंदिर के नाम पर एकत्रित किए गए चंदे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने कथित 'चंदा चोरी' के आरोपों पर चर्चा की और लोगों को जागरूक किया।

नीरज कुंदन ने कहा कि कांग्रेस पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़े मुद्दों को लगातार जनता के बीच उठाती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि धार्मिक भावनाओं के नाम पर जनता से लिए गए चंदे के इस्तेमाल को लेकर लोगों के मन में सवाल हैं और इनका स्पष्ट जवाब मिलना चाहिए। कुंदन ने कहा कि लोगों को यह जानने का अधिकार है कि उनके द्वारा दिए गए योगदान का किस प्रकार उपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

चौहाला-चक्क इस्लाम में 13 लाख की लागत से बनी पुली का उद्घाटन

आर.एस. पुरा, 1 सितंबर (मुकेश): सुचेतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो. गारू राम भगत ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव चौहाला- चक्क इस्लाम में मुख्य सडक़ मार्ग पर नवनिर्मित पुली का उद्घाटन किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष देवी दत्ता उर्फ नीटा समेत भाजपा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।


विकास कार्य का उद्घाटन करते विधायक प्रो. गारू राम भगत। (मुकेश)

विधायक प्रो. गारू राम भगत ने बताया कि पुली के निर्माण कार्य पर करीब 13 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है। उन्होंने कहा कि पुरानी पुली टूट जाने के कारण मुख्य सडक़ मार्ग पर आवागमन प्रभावित हो रहा था, जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विधायक ने कहा कि लोगों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर पुली के निर्माण कार्य को पूरा करवाया गया है।

भारतीय सेना ने स्थानीय युवाओं से संवाद कर शिक्षा व करियर को लेकर दी जानकारी

राजौरी, 1 सितंबर (शिवम): भारतीय सेना की ओर से जिला राजौरी के थन्नामंडी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं से सीधे संवाद स्थापित करने के साथ उन्हें शिक्षा, करियर, कौशल विकास, खेल, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान सेना के प्रतिनिधियों ने युवाओं को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया, साथ ही शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, नशे व अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा अपनी ऊर्जा और क्षमताओं का रचनात्मक कार्यों में इस्तेमाल करने पर जोर दिया गया।



थन्नामंडी में स्थानीय युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना के अधिकारी एवं युवा प्रतिभागी।

सेना के अधिकारियों की ओर से युवाओं को शिक्षा, शारीरिक फिटनेस, आत्मविश्वास और जिम्मेदार नागरिक बनने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। संवाद के दौरान युवाओं ने अपनी समस्याओं, विचारों और भविष्य की योजनाओं को सेना के प्रतिनिधियों के साथ सांझा किया।

कार्यक्रम में थन्नामंडी के स्थानीय युवाओं ने भाग लिया। खुले संवाद के दौरान युवाओं ने करियर विकल्पों और भारतीय सेना में भर्ती होने से संबंधित विभिन्न सवाल पूछे, जिनका सेना के प्रतिनिधियों ने जवाब देकर उन्हें उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी।

कार्यक्रम से सेना और स्थानीय युवाओं के बीच आपसी विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने में मदद मिली। सेना ने युवा सशक्तीकरण, सामुदायिक संपर्क और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी पहलों को आगे भी जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।



पंजाब यूनिवर्सिटी छात्र चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हासिल की ऐतिहासिक जीत

कठुआ, 1 सितम्बर (राजा): पंजाब यूनिवर्सिटी छात्र चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की लगातार दूसरी जीत पर मंगलवार को कठुआ के कार्यकर्त्ताओं ने मिठाई बांटकर विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्त्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी साझा की और इसे विद्यार्थी शक्ति तथा सकारात्मक छात्र राजनीति की बड़ी उपलब्धि बताया।


मिठाई बांट कर जश्न मानते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्त्ता। (राजा)

इस दौरान नगर मंत्री वंश शर्मा ने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी छात्र चुनाव का परिणाम युवाओं और विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रवादी विचारधारा की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को लेकर बनाए जा रहे नकारात्मक नैरेटिव का पंजाब यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने अपने जनादेश के माध्यम से स्पष्ट जवाब दिया है।

वंश शर्मा ने कहा कि चुनाव परिणाम यह संदेश देता है कि युवा राष्ट्रहित, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सकारात्मक छात्र राजनीति और राष्ट्रवादी विचारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद को लगातार मिल रहा समर्थन इस बात का संकेत है कि छात्र परिसरों में रचनात्मक, जवाबदेह और छात्रहित आधारित नेतृत्व चाहते हैं।

वहीं, जिला संयोजक मनवी राजपूत ने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी में लगातार दो बार जीत दर्ज करने वाला पहला छात्र संगठन बनकर नया इतिहास रचने में सफल हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जीत का अंतर करीब 400 मतों का था, जबकि इस बार यह अंतर 500 से अधिक मतों तक पहुंच गया, जो विद्यार्थियों के बीच परिषद के बढ़ते विश्वास और समर्थन को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि यह जीत महज एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि विद्यार्थी परिषद की विचारधारा, कार्यशैली और छात्रहित में किए जा रहे कार्यों पर विद्यार्थियों के भरोसे की जीत है। इस दौरान कार्यकर्त्ताओं ने उत्साह के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और इसे छात्र शक्ति की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

'हिन्दी माह-2026' का भव्य शुभारंभ, विद्यार्थियों व कर्मचारियों ने निकाली जागरूकता रैली


कार्यक्रम में हिंदी से जुड़े लोगों को सम्मानित करते हुए आयोजक। (सोहन)

जम्मू, 1 सितम्बर (मगोत्रा): केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री महाराजा रणबीर सिंह परिसर, कोट-भलवाल, जम्मू में हिन्दी राजभाषा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'हिन्दी माह-2026' का भव्य शुभारंभ किया गया। हिन्दी माह का आयोजन 30 सितम्बर तक विभिन्न हिन्दी-आधारित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाएगा।

हिन्दी माह के शुभारंभ के अवसर पर प्रात: 11:00 बजे परिसर में एक भव्य हिन्दी जागरूकता रैली निकाली गई। परिसर के निदेशक आचार्य सतीश कुमार कपूर ने विद्यार्थियों का नेतृत्व करते हुए रैली की अगुवाई की। इस अवसर पर हिन्दी राजभाषा प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. ऋषिराज सहित शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने भी सक्रिय सहभागिता की। विद्यार्थियों ने हिन्दी भाषा के प्रति जागरूकता एवं राजभाषा हिन्दी के व्यापक प्रचार.प्रसार का संदेश दिया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय : एस.सी.ओ. 19, दूसरी मंजिल, डी-ब्लॉक, रणजीत एवेन्यू, अमृतसर। ई-मेल : recovery.amritsar@bankofbaroda.com

ई-नीलामी बिक्री सूचना

चल और अचल संपत्तियों के लिए बिक्री सूचना " अपेंडिक्स-II-A/IV-A [नियम 6(2) और 8(6) का प्रोविजो देखें]

सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ द सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत चल / अचल संपत्तियों / एसेट्स की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, जिसे सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 6(2) और 8(6) और 9 के प्रोविजो के साथ पढ़ा जाए। इसके द्वारा आम जनता को और खास तौर पर कर्जदार(रों), मॉर्गेजर(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे बताई गई चल / अचल संपत्ति, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर को चार्ज / गिरवी की गई है, जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी सिक्योर्ड क्रेडिटर ने ले लिया है, को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो भी है" के आधार पर बेचा जाएगा और बैंक देयों की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में रखा जाएगा। कर्जदारों, मॉर्गेजर्स और गारंटर/सिक्योर्ड एसेट्स/इक्विटी/रिजर्व प्राइस/ईएमडी/बोली बढ़ाने की रकम और ई-नीलामी की तारीख और समय का विवरण नीचे दिया गया है। ईएमडी के पेमेंट का तरीका: पेक्ट

शाखा का नाम और पता / एनपीए खाता	अचल और चल संपत्तियों/संपत्तियों का विवरण कब्जे की स्थिति (रचनात्मक / भौतिक / प्रतीकात्मक)	डिमांड नोटिस तिथि	ई-नीलामी से ठीक पहले ई-नीलामी का समय से समाप्ति समय	आरक्षित मूल्य	संपत्ति निरीक्षण की तारीख और समय
कटरा शाखा		कुल बकाया	शाखा का नाम	बयाना राशि	
(1) (i) मिस्टर खजूर सिंह पुत्र धनी राम वासी विलेज लटोरी, कटरा, नियर वाटर टैंक लटोरी, कटरा, रियासी जे एंड के 182301 (बॉरोअर) (ii) नीलम देवी पत्नी मिस्टर खजूर सिंह वासी विलेज लटोरी, कटरा, नियर वाटर टैंक, लटोरी कटरा, रियासी जे एंड के 182301 (गारंटर)	पंजीकृत बंधक दिनांक 21-06-2022 खसरा संख्या 336, खाता संख्या 540/73, 238, खेवट संख्या 67 के तहत 1 कनाल और 2 मरला जमीन, कुंदरोड़ियां, तहसील और जिला रियासी में स्थित, श्री खजूर सिंह उर्फ श्री खजूर सिंह पुत्र धनी राम के नाम पर की सेल डीड 01-04-2015 को बनी और माननीय सब रजिस्ट्रार कटरा के सामने सही तरीके से रजिस्टर्ड है और प्रॉपर्टी इस तरह से घिरी हुई है: पूरब में: जनक राज की जमीन, पश्चिम में: राधा स्वामी आश्रम, उत्तर में: राधा स्वामी आश्रम की पिछली गली, दक्षिण में: श्रीमती आशा देवी का घर, खुला प्लॉट, अप्रोच लेन। सिक्योर्ड एसेट की सरसाई आईडी 4000679173 28 (भौतिक कब्जा) है। नोट: कानून के मुताबिक जीएसटी लागू है।	20-04-2026 रु. 16,11,954.76 + ब्याज, अन्य शुल्क और वसूली यदि कोई हो, को घटाकर आज तक प्रभावित	07-10-2026 दोपहर 02.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक (प्रत्येक 10 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ)	रु. 51,42,000/- रु. 5,14,200/- रु. 10,000/-	28-09-2026 पहले अपॉइंटमेंट लेकर
कच्ची छावनी, शाखा, जम्मू		08-10-2025			
(2) श्रीमती विद्युषी टिक्कू पुत्री श्री विनोद कुमार टिक्कू, पता पहला: मकान नंबर 60, जमीन नंबर 4, पुरा नगर, पलौरा, जम्मू शहर, जम्मू और कश्मीर 181121, पता दूसरा:	वाहन टाटा मोटर्स का दुश्चिंधक वाली वाहन का टिपाणी एक्सटी जिसका वाहन पंजीकरण संख्या है JK02-DG-2903 दिनांक 18 अक्टूबर 2023 जिसका चेसिस नंबर MAT626370PKH93367 और इंजन नंबर REVTRN19HWXKA3532 है, रंग डेटोना ग्रे, श्रीमती विद्युषी टिक्कू के नाम से पंजीकृत है। (भौतिक कब्जा) नोट: कानून के मुताबिक जीएसटी लागू है।	रु. 5,24,634/- 07-10-2025 तक + 06-10-2025 से खाता और दूसरे चार्ज और लागत तक कोई सिक्योरिटी हुई है तो उसे पक्षकार प्रभावित	07-10-2026 दोपहर 02.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक (हर बार 10 मिनट के अनलिमिटेड एक्सटेंशन के साथ)	रु. 3,82,500/- रु. 38,250/- रु. 10,000/-	28-09-2026 पहले अपॉइंटमेंट लेकर

कक्ष नंबर 265, राधा स्वामी सत्संग घर के सामने, कातालाब, जम्मू जे एंड के 181121

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स के रूल 8 के तहत सिक्योर्ड एसेटस की बिक्री के लिए 30 दिनों का नोटिस, 2002

नियम और शर्तें: सेल के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक देखें / विजिट करें: https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन ऑक्शन पोर्टल: https://baanknet.com. इसके अलावा, संभावित बोली लगाने वाले अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर 94192-46677, 79846-79806, 70871-15313 पर संपर्क कर सकते हैं।

तारीख: 01-09-2026 जगह: जम्मू हस्ता/- अधिकृत अधिकारी